# Superhouse Limited

(A Government of India recognized Export Trading House)
Regd. Office: 150 Feet Road, Jajmau, Kanpur-208010 (India)
CIN: L24231UP1980PLC004910 Tel: 9956040004
email: share@superhouse.in url: http://www.superhouse.in


SHL/SHR/FR/2024

Dated : 15th November, 2024

The Stock Exchange, Mumbai,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
MUMBAI-400001

Company Code: 523283

National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East)
MUMBAI-400051

Scrip Code: SUPERHOUSE

**Sub. : Newspaper Clipping of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results of the company for the quarter and half year ended 30th September, 2024**

Dear Sir,

Please find attached herewith copy of newspapers clipping of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results of the company for the quarter and year ended 30th September, 2024 published in English and Hindi newspapers.

Thanking you,

Yours faithfully,
For SUPERHOUSE LIMITED

Raj Kumar Agrawal

Digitally signed by Raj Kumar Agrawal
DN: cn=Raj Kumar Agrawal, c=IN, st=Uttar Pradesh, o=Personal, title=2862, serialNumber=a7296c57ea23a9094d2cb77e56e7d38fb8a7a3d419b973bdfd1544b6279ffc76
Date: 2024.11.15 11:22:26 +05'30'

Company Secretary
Encl. As above

## आदित्य बिरला सन लाइफ म्यूचुअल ने लांच किया फंड

लखनऊ। आदित्य बिरला सन लाइफ म्यूचुअल फंड के प्रबंधक ने आदित्य बिरला सन लाइफ बीएसई इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स फंड को लांच किया है। यह एक खुली अवधि का इंडेक्स फंड है जो बीएसई इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर टोटल रिटर्न इंडेक्स को ट्रैक करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 14 नवम्बर से लेकर 28 नवम्बर तक खुला रहेगा। सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर पूरा फोकस बनाये हुए है और इसे लेकर प्रतिबद्ध है।

# व्यापार

## पीटर इंग्लैंड ने 'द बॉलीवुड वेडिंग' कलेक्शन किया पेश

नयी दिल्ली। आदित्य बिड़ला फैशन और रिटेल के प्रमुख मेंसवियर ब्रांड्स में से एक पीटर इंग्लैंड ने अपना बॉलीवुड-प्रेरित वेडिंग कलेक्शन का पेश किया है, जिसे फेमस इंडियन डायरेक्टर और बॉलीवुड आइकन करण जौहर ने लांच किया। पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का एक विविध मिश्रण प्रस्तुत करने वाला यह अनोखा कलेक्शन बॉलीवुड के ग्लैमर और आकर्षण को प्रतिबिंबित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



## वैश्विक दबाव से गिरा शेयर बाजार

मुम्बई, 14 नवम्बर (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। शेयर बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहना रहा है। वैश्विक दबाव और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार नीचे आया है। कारोबार के अंत में एफएमसीजी, पीएसयू बैंक, फार्मा और मेटल क्षेत्र में बिकवाली दर्ज की गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 110.64 अंक करीब 0.14 फीसदी टूटकर 77,580.31 पर बंद हुआ।

# आईटीपीओ बनेगी एक विश्व स्तरीय एजेंसी

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली, 14 नवम्बर। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) का उद्घाटन किया। इस वर्ष मेले का थीम विकसित भारत 2047 है तथा उत्तर प्रदेश और बिहार भागीदार राज्य हैं, जबकि झारखंड फोकस राज्य है। गोयल ने कहा है कि सरकार भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को एक विश्व स्तरीय एजेंसी के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है।

आज यहां भारत मंडपम में मेले का उद्घाटन करते हुये पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार भारत व्यापार संवर्धन संगठन को एक विश्व स्तरीय एजेंसी के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। यह एक ही स्थान पर पूरे उद्योग और मूल्य श्रृंखला को प्रतिबिंबित करेगी ताकि विश्व, भारत को सर्वश्रेष्ठ एमआईसीई गंतव्य के रूप में देख सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इन सुविधाओं का विस्तार करने के लिए बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, लखनऊ, वाराणसी और नोएडा जैसी जगहों पर काम कर रही है। व्यापार मेलों में डिजिटल लेनदेन के बढ़ते उपयोग पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि केंद्र तेजी से लेनदेन को सक्षम बनाने के लिए मेलों के आसपास कियोस्क लगाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले और इस तरह के आयोजनों में बाजार की तलाश करने वाले उद्योगों के साथ राजस्व साझा करने के मॉडल पर भी विचार कर रहा है। गोयल ने उम्मीद व्यक्त की कि भारत विदेशी खरीदारों को आमंत्रित करने के

**मेले में उत्तर प्रदेश और बिहार भागीदार राज्य हैं, झारखंड है फोकस प्रदेश**

लिए विश्व भर में मेले आयोजित करेगा। उन्होंने भविष्य के मेलों, स्टार्टअप, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित प्रौद्योगिकियों और साइबर प्रौद्योगिकी में प्रगति को प्रदर्शित करने वाले समर्पित मंडपों में एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में नवीनता की भी उम्मीद जताई। 14 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न देश हिस्सा लेंगे। इनमें चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। यह मेला आज से पहले पांच दिन तक व्यापारियों के लिए खुला रहेगा। 18 नवम्बर से 27 नवम्बर तक यह आम जनता के लिए खुला रहेगा। व्यापारिक दिनों में वयस्कों के लिए मेले का टिकट 500 रुपये का होगा। बच्चों के लिए रविवार और राजपत्रित अवकाश के दिन टिकट का मूल्य 200 रुपये रखा गया है। अन्य दिनों में टिकट 150 रुपये का होगा। सामान्य अवधि में वयस्कों को अवकाश के दिन 150 रुपये और कार्य-दिवसों में 80 रुपये प्रति टिकट देने होंगे। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए व्यापारिक और गैर व्यापारिक, दोनों ही दिनों में प्रवेश निः शुल्क होगा। मेले का समय सुबह 10 बजे से शाम 7.30 बजे तक होगा। मेले में बिहार और उत्तर प्रदेश भागीदार राज्यों के रूप में भाग ले रहे हैं, जबकि झारखंड मेले के इस संस्करण के लिए फोकस राज्य है। कुल 33 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, 49 केंद्रीय मंत्रालय, कमोडिटी बोर्ड, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी), और टाइटन, जिंदल स्टील एंड पावर, जेएसडब्ल्यू स्टील, रिलैक्सो, हॉकिन्स और वुडलैंड जैसी प्रसिद्ध निजी कम्पनियां अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रही हैं। चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, स्वीडन, थाईलैंड, तुर्की, ट्यूनीशिया, लेबनान, किर्गिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात सहित देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक मेले का मुख्य आकर्षण हैं।

## 120 से अधिक स्टॉल बता रहे हैं यूपी के विकास की कहानी

### बहुत से उत्पादों को भौगोलिक संकेत प्राप्त हैं

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली, 14 नवम्बर। भारत मंडपम में शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश मंडप राज्य के विकास की कहानी बयां कर रहा है। पार्टनर स्टेट के रूप में भाग ले रहे यूपी मंडप की थीम विकसित प्रदेश 2047 है। उत्तर प्रदेश के मंडप में 120 से ज्यादा स्टॉल लगाये गये हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा हैं। इनमें से बहुत से उत्पादों को भौगोलिक संकेत (जीआई टैग) प्राप्त है। इसके अलावा प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को भी मेले में स्थान दिया गया है, वहीं निर्यातकों को भी प्राथमिकता दी गयी है। उत्तर प्रदेश मंडप में सूचना एवं पर्यटन विभाग के अतिरिक्त राज्य के स्वामित्व वाली इकाइयां (यूपी एसआईडीए, नोएडा अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी एवं यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी) भी हिस्सा ले रही हैं। उत्तर प्रदेश मंडप के माध्यम से फूड प्रोसिंग, टेक्सटाइल, आईटी, लेदर, हस्तशिल्प मेटल, ओडीओपी निर्यातक इकाइयों के अलावा कई अन्य उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगे विभिन्न जिलों के उत्पाद ग्राहकों को खूब लुभा रहे हैं, इनमें कन्नौज के इत्र से लेकर वाराणसी की सिल्क साड़ियां, लखनऊ की चिकनकारी, भदोही का कालीन, झांसी और बांदा की शजर स्टोर ज्वैलरी, बागपत के होम डेकोर, गौतमबुद्धनगर के वस्त्र उत्पाद, अलीगढ़ और मुरादाबाद के मेटल आर्ट वेयर, आगरा का पेठा, सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल, हाथरस की हींग, संभल के हैण्डीक्राफ्ट्स उत्पाद शामिल हैं। उत्तर प्रदेश मंडप में एक वृहद ओडीओपी गैलरी का भी प्रदर्शन किया गया है, जिसमें जनपदों के ओडीओपी उत्पादों का आकर्षक एवं विहंगम प्रदर्शन किया गया है।

## डीएफसीसीआईएल ने मनाया 19वां स्थापना दिवस

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली, 14 नवम्बर। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) ने अपना 19वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। डीएफसीसीआईएल ने भारत के बड़े इंफ्रा परियोजना के रूप में अपने मिशन को आगे बढ़ाया है। यह भारत के माल परिवहन परिदृश्य में रेलवे की हिस्सेदारी को बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने की ओर अग्रसर है।

डीएफसीसीआईएल द्वारा यहां के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में रेल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। जबकि रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना एवं रवनीत सिंह बिट्टू, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार, डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार और रेलवे बोर्ड तथा अन्य स्टेकहोल्डर भी उपस्थित रहे।

डीएफसीसीआईएल ने भारत के बड़े इंफ्रा परियोजना के रूप में अपने मिशन को आगे बढ़ाया है। यह भारत के माल परिवहन परिदृश्य में रेलवे की हिस्सेदारी को बढ़ाने, लॉजिस्टिक लागत को 15 प्रतिशत से घटाकर 9 फीसदी से कम करने और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देकर भारत के आर्थिक विकास को गति देने की ओर अग्रसर है। आज डीएफसीसीआईएल सात राज्यों-पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र को जोड़ रहा है, जिससे इसके नेटवर्क के साथ विभिन्न उद्योगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, लघु उद्योग को प्रोत्साहन मिल रहा है और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। डीएफसीसीआईएल के दो प्रमुख कॉरिडोर हैं पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जो भारत में परिवहन प्रणाली में क्रन्तिकारी बदलाव ला रहे हैं। 1,337 किलोमीटर लंबा पूर्वी डीएफसी पंजाब के लुधियाना से बिहार के सोननगर तक जाता है, जबकि 1,506 किलोमीटर लंबा पश्चिमी डीएफसी उत्तर प्रदेश के दादरी से नवी मुंबई के जेएनपीटी पोर्ट तक फैला है।

## बुर्रा वामसी ने संभाला पावरग्रिड के निदेशक का कार्यभार

नयी दिल्ली, 14 नवम्बर। बुर्रा वामसी राम मोहन ने महारत्न सार्वजनिक उद्यम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के निदेशक (परियोजना) का पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ इंजीनियरिंग स्नातक, श्री वामसी ने पावरग्रिड में ओएसडी (प्रोजेक्ट) के रूप में कार्य किया है। उन्होंने हार्वर्ड मैनेजमेंटर (एचएमएम) कार्यक्रम पूरा किया है और इसके साथ ही प्रतिष्ठित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के भी कई पाठ्यक्रमों को पूरा किया है। बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों में तीन दशकों से अधिक के समृद्ध कार्य अनुभव के साथ, श्री वामसी के पास परियोजना कार्यान्वयन और खरीद प्रबंधन में एक विशिष्ट अनुभव है। उन्हें पावर सेक्टर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क की गहरी जानकारी है। वह पावरग्रिड में रेगुलेटरी सेल के संस्थापक सदस्य थे। वह पावरग्रिड के प्रतिस्पर्धा आधारित बोली प्रक्रिया (टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटिटिव बिडिंग) में प्रवेश के मुख्य वास्तुकारों में से एक थे, जिसने अंततः पावरग्रिड को कॉम्पिटिटिव बिडिंग रेजिम में सफलतापूर्वक स्थापित किया। वह पावरग्रिड टेलीसर्विसेज लिमिटेड के सीईओ रहे हैं और टेलीकॉम व्यवसाय के विकास और पावरग्रिड के पहले डेटा सेंटर के कार्यों को शुरू करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।


**दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत वितरण मण्डल, चित्रकूट
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित विवरणानुसार दो भागों में दिनांक–29.11.2024 को समय 18:00 बजे तक प्रतिष्ठित एवं योग्य ठेकेदारों /निविदादाताओं से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है एवं दिनांक–30.11.2024 को समय–13:00 बजे खोला जायेगा। विस्तृत जानकारी उ.प्र. शासन की आधिकारिक ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etender-up-nic.in एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा के पोर्टल https://www- dvvnl.org पर उपलब्ध है :–

1.ई–निविदा विशिष्टीकरण संख्या–16/SE/EDCCKT/2024–25रू कार्य–विद्युत वितरण खण्ड–कर्वी चित्रकूट के अधीन बिजनेस प्लान वर्ष 2024–25 (पार्ट–2) के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों की क्षमतावश एवं अतिरिक्त वितरण परिवर्तकों को स्थापित करने का कार्य।

राष्ट्रहित में बिजली बचाये
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, चित्रकूट

आ.सं.1464/14.11.24



**दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल,महोबा
अति- अल्पकालीन ई- निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल महोबा में विभिन्न कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराये जाने हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, ई–निविदा खुलने की तिथि एवं ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य सभी विवरण ई– प्रोक्योमैंट पोर्टल https:etender.up.nic.in पर उपलब्ध है–

1.ई– निविदा विशिष्टीकरण संख्या 14/SE/EDCM/2024–25: विद्युत वितरण खण्ड – प्रथम महोबा के अन्तर्गत 9 नगर 33 /11 के.वी. उपकेन्द्र में स्थापित विभिन्न मेक के इनकमिंग/आउटगोइंग11 के.वी. वीसीबी पैनलों का अनुरक्षण व मरम्मत कार्य।

2.ई– निविदा विशिष्टीकरण संख्या –15/SE/EDCM/2024–25: विद्युत वितरण खण्ड – द्वितीय महोबा के अन्तर्गत 14 नग 33/11 के.वी. उपकेन्द्रों में स्थापित विभिन्न मेक के इनकमिंग/ आउटगोईग 11 के .वी. वीसी बी पैनलों का अनुरक्षण व मरम्मत कार्य।

निविदा में यदि कोई संसोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई– टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.in पर तथा निगम की वेबसाइट https://www.dvvnl.orgपर उपलब्ध कराई जायेगी।

'राष्ट्रहित में बिजली बचाये'
अधिक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल
महोबा

आ.सं.1854/14.11.24



**दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत वितरण मण्डल, चित्रकूट
ई–निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित विवरणानुसार दो भागों में दिनांक–11.12.2024 को समय 18:00 बजे तक प्रतिष्ठित एवं योग्य ठेकेदारो/निविदादाताओं से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है एवं दिनांक–12.12.2024 को समय–13:00 बजे खोला जायेगा। विस्तृत जानकारी उ.प्र. शासन की आधिकारिक ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etender-up-nic-पद एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा के पोर्टल https://www- dvvnl-org पर उपलब्ध है :–

1. ई–निविदा विशिष्टीकरण संख्या–17/SE/EDCCKT/2024–25: कार्य–विद्युत वितरण खण्ड–कर्वी चित्रकूट के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड–कर्वी प्रथम/मानिकपुर/भरतकूप के अधीन वर्ष 2024–25 हेतु पूर्ण जमा योजना, झटपट पोर्टल, निवेश मित्र पोर्टल, आदि से प्राप्त संयोजन को शासन की मंशानुरूप अतिशीघ्र संयोजनो को ऊर्जीकृत करने का कार्य। धरोहर धनराशि–रू0 10,000.00, निविदा शुल्क–रू0 1180.00 (जी.एस.टी. सहित)।

2.ई–निविदा विशिष्टीकरण संख्या–18/SE/EDCCKT/2024–25: कार्य–विद्युत वितरण खण्ड–राजापुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड– राजापुर/मऊ/रामनगर के अधीन वर्ष 2024–25 हेतु पूर्ण जमा योजना, झटपट पोर्टल, निवेश मित्र पोर्टल, आदि से प्राप्त संयोजन को शासन की मंशानुरूप अतिशीघ्र संयोजनो को ऊर्जीकृत करने का कार्य। धरोहर धनराशि–रू0 10,000.00, निविदा शुल्क–रू0 1180.00 (जी.एस.टी. सहित)

राष्ट्रहित में बिजली बचायें
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल,
चित्रकूट

आ.सं.1465/14.11.24


## बाजार भाव


धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाए
**दयालू ज्वैलर्स**
59/45 बिरहाना रोड,कानपुर
25000की खरीद पर निश्चित उपहार
BIS HALLMARK Gold Jewellery
IGI Diamond Jewellery Certified
7651966520,9336251965


**सर्राफ**

चाँदी 999 (प्रति किलो)-90300, सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल-102500, सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल-105000, सोना बिसकुट (दस ग्राम)-76150, गिन्नी (प्रति नग)-56800-57000

**अनाज (प्रति कुन्तल)**

गेहू दड़ा 2800-2900, आरआर-21 3000-3050 गेहू फारम 3050-3100, जौ 2300-2400, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2300-2350, मकाई 2400-2500

**दलहन**

चना 6400-6500 अरहर 7500-8000, मसूर 5500-5600, मटर 3300-3400, उड़द हरा 11500-12000, उड़द काला 7500-8500, मूंग 7500-8500

**दाल (प्रति कुन्तल)**

अरहर फूल 15200-15300, अरहर स्पेशल 11200-11300, चना दाल 8150-8250 मटर दाल 4150-4250 मसूर मलका 7100-7150 मसूर दाल 7325-7375 उड़द दाल 9000-13500, उड़द धोवा 10000-12500, मूंग दाल 8500-9700


**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है पुलिस लाइन, महोबा में रखी हुई निष्प्रयोज्य राजकीय सम्पत्ति, वर्दी, वस्तुओं एवं इलैक्ट्रॉनिक उपकरण की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 18.11.2024 को पुलिस लाइन महोबा में कराई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक
जनपद- महोबा



**कार्यालय नगर पंचायत, कबरई (महोबा)**

पत्रांक: 217/न.पं.कबरई/2024–25 दिनांक 13.11.2024

**(ई- प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)**
**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत,कबरई (महोबा) द्वारा नगर के प्रकाश बिन्दुओं को ऊर्जीकृत किये जाने हेतु नगर पंचायत के भण्डार में खराब पड़ी 90 वॉट एल. ई.डी. स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत किये जाने हेतु 90 वॉट की 400 अदद पी.सी.बी. व 400 अदद ड्राइवर की आपूर्ति का कार्य कराये जाने हेतु निविदा अर्ह ठेकेदारों से आइटम दरों में दिनांक 14.11.2024 से दिनांक 21.11.2024 तक आमंत्रित की जाती है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तो को ध्यान से पढ़लें। ई. निविदा का समस्त विवरण ई प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.etender.up.nic. पर उपलब्ध है

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत,कबरई (महोबा)



**केनरा बैंक Canara Bank**
सिंडिकेट | Syndicate
Together We can
क्षेत्रीय कार्यालयः एचआईजी 1बी, चन्द्र विहार लखनपुर, कानपुर–208002, फोन न.: 0512–25832254

**ई–नीलामी अचल सम्पत्ति की बिक्री सूचना निविदा द्वारा**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना। एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ऋणकर्ताओं) एवं जमानतदार (गारंटरों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो जमानती ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका प्रलक्षित कब्जा केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, इसकी बिक्री 'जहां है जैसा है','जो है जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है' के आधार पर की जाएगी।

**नोटः 30 दिन की विक्रय सूचना**

| क्र. सं. | ऋणियों / जमानतकताओं का नाम एवं पता / बकाया धनराशि / शाखा | अचल सम्पत्तियों का विवरण / कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु0) / धरोहर राशि (रु0) | आफर प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय / ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| | **शाखाः रनियां, मोबाईलः 8979377475, ई–मेलः cb6041@canarabank.com** | | | |
| 1 | 1. **स्व० रंजीता रौशन कुमारी** पत्नी श्री सतीश राज जरिये विधिक उत्तराधिकारी (ऋणी एवं बंधककर्ता)<br>**अ) श्री सतीश राज** पुत्र श्री तेजनारायन सिंह (चूंकि मृतक का प्रतिनिधित्व स्व० रंजीता रौशन कुमारी के कानूनी उत्तराधिकारी (पति) द्वारा किया जाता है)<br>**ब) मास्टर प्रेम कुमार** पुत्र श्री सतीश राज (चूंकि नाबालिग का प्रतिनिधित्व श्री सतीश राज के कानूनी उत्तराधिकारी (पुत्र) द्वारा किया जाता है)<br>**स) मास्टर प्रीतम कुमार** पुत्र श्री सतीश राज (चूंकि नाबालिग का प्रतिनिधित्व श्री सतीश राज के कानूनी उत्तराधिकारी (पुत्र) द्वारा किया जाता है)<br>**उपरोक्त सभी का पता–1:** आराजी नं. 243, कल्यानपुर कला, कल्यानपुर कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208017<br>**उपरोक्त सभी का पता–2:** मकान नं. 8/262, आवास विकास योजना नं. 3, अम्बेडकरपुरम, कल्यानपुर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208017<br>2. **श्रीमती कंचन सिंह** पत्नी श्री मनोज कुमार (जमानतकर्ता)<br>**पताः** राजकीय उन्नयन बस्ती नं. 1, बिठूर रोड, कल्यानपुर, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208017<br>**कुल बकाया : रुपये 27,21,618.58/– दिनांक 20.08.2024 तक** (इसके अतिरिक्त अन्य ब्याज लागत एवं खर्चों को जोड़ा जायेगा) | आवास विकास योजना नं. 3, अम्बेडकरपुरम, कल्यानपुर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित स्वर्गीय रंजीता रौशन कुमारी पत्नी श्री सतीश राज के नाम पर आवासीय मकान नं. 8/262 के सभी भाग व खण्ड, संपत्ति का **क्षेत्रफल 66.60 वर्ग मीटर, सम्पत्ति की चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार):– पूरब**– मकान नं. 8/261, **पश्चिमः** मकान नं. 8/263, **उत्तरः** मकान नं. 8/245, **दक्षिणः** 9.00 मी. सड़क,<br>**कब्जे का प्रकारः** सांकेतिक | रु0 35,06,000.00<br>रु0 3,50,600.00 | 19.12.2024 सायं 5:00 बजे तक<br>20.12.2024 समय प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक (बिक्री के समापन तक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ।) |

अन्य नियम व शर्ते – 1. नीलामी / बोली की प्रक्रिया सिर्फ आन लाइन इलेक्ट्रानिक माध्यम से वेबसाइट **https://ebkray.in** के जरिये ही होगी। बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व नियमों की विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट को जरूर देख लें। 2. आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक शाखा रनियां के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या संबंधित केनरा बैंक शाखा रनियां के खाते **A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB006041** में आरटीजीएस / अनईएफटी / फंड ट्रांसफर के माध्यम से जमा की जायेगी। 3. अन्य विवरण के लिए प्रबंधक केनरा बैंक, शाखा रनिया **(Ph- No 8979377475) E-mail ID- cb6041@canarabank.com** अथवा सर्विस प्रोवाइडर **M/s PSB Alliance (Ebkray),** हेल्पडेस्क नं. – 8291220220; **Email id: support.ebkray@psballiance.com** पर सम्पर्क करें। 4. सभी परिवहन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, तथा अन्य गैर–भार प्रभार जैसे गृह कर, जल कर, तथा विद्युत भुगतान आदि, जो भी लागू हो, केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। 5. संपत्ति को सभी मौजूदा और आगे के ऋण भार के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वह बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी / जमानती ऋणदाता किसी भी तरह से किसी तीसरे पक्ष के दावों / अधिकारों / बकायों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। खरीदार को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति से संबंधित सभी पहलुओं पर समुचित सावधानी बरतनी चाहिए। बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे बोली लगाने से पहले संबंधित अधिकारियों से अपनी संतुष्टि के लिए जमानती परिसंपत्तियों से संबंधित अन्य विवरणों के शीर्षक और सत्यता के बारे में खुद को संतुष्ट कर लें और किसी भी अन्य बकाया / देयता/ऋण–भार का भी पता लगा लें। खरीदार बाद में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी / जमानती ऋणदाताओं के खिलाफ कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा।

दिनांक : 15.11.2024 स्थान : रनियां प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक


**Superhouse Limited**

SUPERHOUSE GROUP — LEGACY OF EXCELLENCE

Registered Office : 150 Feet Road, Jajmau, Kanpur I CIN : L24231UP1980PLC004910
Website: www.superhouse.in Email: share@superhouse.in

**"EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH SEPTEMBER, 2024"**

(Rs. in Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from operations | 14069.36 | 11201.43 | 14764.89 | 52972.04 | 18457.55 | 14527.56 | 19308.94 | 67728.14 |
| 2 | Net Profit for the period (before tax, exceptional and/or extra-ordinary items) | 303.60 | 212.21 | 271.62 | 1030.56 | 343.04 | 68.10 | 654.32 | 1531.25 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after exceptional and/or extra-ordinary items) | 303.60 | 832.38 | 271.62 | 1030.56 | 343.04 | 688.27 | 654.32 | 1531.25 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after exceptional and/or extra-ordinary items) | 218.05 | 660.33 | 196.98 | 792.57 | 247.76 | 540.83 | 595.51 | 1382.94 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [comprising profit / loss for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 220.41 | 658.13 | 212.84 | 788.32 | 252.13 | 538.63 | 611.37 | 1378.69 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 1102.50 | 1102.50 | 1102.50 | 1102.50 | 1102.50 | 1102.50 | 1102.50 | 1102.50 |
| 7 | Earning Per Share (of Rs. 10/- each)(Not Annualised) | | | | | | | | |
| | Basic (Rs.) | 1.98 | 5.99 | 1.79 | 7.19 | 2.25 | 4.91 | 5.40 | 12.54 |
| | Diluted (Rs.) | 1.98 | 5.99 | 1.79 | 7.19 | 2.25 | 4.91 | 5.40 | 12.54 |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websit of the company 'www.superhouse.in" and website of respective Stock exchanges at "www.bseindia.com" and "www.nseindia.com".
2. The above financial results have been reveiwed by the Audit committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 14th November, 2024.

For and on behalf of the Board
Sd/-
(Mukhtarul Amin)
Chairman and Managing Director
(DIN - 12108)

Date : 14.11.2024
Place : Unnao

Allen Cooper

